तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

4
चैत्र नवरात्रि पर गूंजा भक्ति का स्वर, श्रद्धालुओं की भीड़





## खबर संक्षेप

### ट्रेजरी में आज बिल जमा करने की अंतिम तिथि

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने समस्त विभाग को पत्र जारी कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के समस्त देयको को जिला कोषालय में जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2026 निर्धारित है। इसी प्रकार चेकबुक कोषालय में जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च है।

### जनसमस्या निवारण शिविर आज

**सारंगढ़।** सारंगढ़ के एसडीएम ऑफिस परिसर में 27 मार्च को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अनुविभाग स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी विभाग के स्टॉल होंगे। सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित जनसुविधा, योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान करेंगे। इस शिविर में नागरिक अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार, राज्य के नागरिकों के मांग, सुझाव और समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर सुशासन तिहार, प्रशासन गांव की ओर जैसे कई प्रकार के आयोजन करते आ रही है।

### पानी की समस्या है तो कर सकते हैं फोन

**रायगढ़।** ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक के लिए प्रभावी रहेगा। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्र सहायक अभियंता गीतेन्द्र पटेल को नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सहायक मानचित्रकार आरके खलखो, अनुरेखक सुमन एवं दिलीप साहू,को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगी। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएगे तथा शिकायत की तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी उल्लेख रजिस्टर में होगा।

### छात्रवृत्ति के लिए नवीनीकरण आज तक

**सारंगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित किया गया है कि, वे शिक्षा सत्र 2025-26 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति के लिए विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में नवीनीकरण और नवीन आवेदन 27 मार्च तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद शिक्षा सत्र 2025-26 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति के लिए विभागीय पोर्टल को बंद किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा 2.50 लाख और अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय सीमा 1 लाख प्रतिवर्ष होना चाहिए। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छग का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम संलग्न करना होगा। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें। विस्तृत जानकारी अपने जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय कोसीर रोड कालेज के पास सारंगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

### गैस सिलेण्डर के लिए लंबी लाइन की स्थिति तो नहीं, लेकिन इंतजार लंबी

# कहीं 15 तो कहीं 17 सौ बैकलॉग, हर दिन आ रहा एक लोड, बुकिंग हो रही है डबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लंबी लाइन की स्थिति तो नहीं है, लेकिन गैस सिलेंडर के लिए इंतजार लंबा हो गया है।

**खास बात**

- उज्जवला 45, डबल 35 और सिंगल वाले करा सकते हैं 25 के बाद बुकिंग
- बुकिंग समय बढ़ाने के बाद मिली है कुछ राहत

कारण हर दिन एक लोड तो आ रही है, लेकिन बुकिंग उससे डबल हो रही है। इसके कारण शहर के लगभग सभी एजेंसियों में कहीं 15 सौ तो कहीं 17 सौ की बैकलॉग स्थति है। गैस की किल्लत को देखते हुए उपभोक्ताओं की एक केटेगिरी तय कर दिया है। इससे काफी कुछ राहत मिलने की बात कही जा रही है। इसके उलट कमर्शियल सिलेंडर पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इससे बड़े होटलों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। कुछ तो बंद होने के कगार पर भी हैं, कारण स्टॉक भी 20 दिनों में खत्म होने का आ रहा है।



गैस सिलेंडर की 20 दिन पहले जो स्थति थी वह अब नहीं है। उस दौर में हर एजेंसी के आगे सैकड़ों उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहती थी, लेकिन अब हालात काफी कुछ सुधर गया है। हालांकि सिलेंडर आपूर्ति की में सुधार नहीं हुआ है। यहां हर दिन एक लोड ही आ रही है। उसमें कभी 504 तो कभी 305 सिलेंडर आती है। इससे दो गुनी बुकिंग हो रही है। इसके कारण बैकलॉग की स्थति सुधर नहीं रही है। हालांकि बैकलॉग की स्थिति की बात करें तो 15 दिन पहले जों हालात थे वह भी अब नहीं है। उस वक्त कहीं 3 हजार तो कहीं 4 हजार बैकलॉग के हालात थे। याने उस समय खुब मारामारी रही। अभी उज्जवला उपभोक्ता 45 दिन, डबल सिलेंडर 35 और सिंगल सिलेंडर 25 दिन में बुक कर सकते हैं। इसी तय केटेगरी की वजह से कुछ राहत मिली है।

**डी-एक्टीवेट अब हो रहे हैं एक्टीवेट**

इस पूरे पटकथा में एक बात सामने आई है जो काफी दिलचस्प है। वह है निष्क्रिय अब हो रहे हैं सक्रिय।याने सालों से जो कनेक्शन डी-एक्टीवेट था अब वह एक्टीवेट हो रहा है। एक्टीवेट होते ही सिलेंडर बुक करा रहे हैं। इसके कारण ग्राहकों की संख्या भी अचानक से बढ़ गई है। वहीं बुकिंग का रेसियो भी पहले की तुलना में काफी बढ़ने की बात कही जा रही है।

**कमर्शियल का इंतजार**

कर्मर्शियल सिलेंडर पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसके कारण छोटे और बड़े होटल संचालकों को काफी दिक्कत हो रही है। भट्ठा जलाने में दिक्कत हो रही है। कारण कई होटलों में इस तरह की व्यवस्था ही नहीं है। भट्ठे का कोयला भी मिलना मुश्किल हो रहा है। कुल मिलाकर कमर्शियल सिलेंडर उपयोग करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अब कुछ राहत मिल सकती है। खाद्य सचिव बैठक लेकर कुछ रास्ता निकालने की बात कही है।

# नौकरी लगाने के नाम पर ग्रामीणों से ठग लिए 20 लाख

**मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर पुसौर के तीन लोगों से की ठगी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नौकरी लगाने का एक नायाब तरीके अपनाकर तीन लोगों से 20 लाख ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने दुर्ग से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मास्टर तो फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों ने मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी किया है। बाद में नौकरी नहीं लगी तो राशि लौटाने के नाम पर चेक भी दे दिया, लेकिन वह भी बाउंस हो गया। पुसौर पुलिस ने आरोपी विवेक उर्फ विवेक कुमार विश्वकर्मा उर्फ विवेक कुमार शर्मा निवासी वैशाली नगर, दुर्ग को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया है। । आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, इस मामले का एक और आरोपी सितेश पाणिग्राही निवासी गोपालपुर, चन्द्रपुर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। यह ठगी मास्टर माइंड ने अपने पिता की पहचान से अपना दायरा बढ़ाकर किया है।

ग्राम घुघवा थाना पुसौर निवासी कुंजबिहारी पटेल ने पुसौर थाने में मामला दर्ज कराया था। बताया गया कि ग्राम गोपालपुर थाना चन्द्रपुर जिला सक्ती निवासी सितेश पाणिग्राही के पिता दुर्गा पाण्ग्राही का गांव आना जाना था। इसी दरमियान सितेश ने मंत्रालय में पहचान होने और सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे संपर्क किया। आरोपी ने अपने भाई का ऑनलाइन जॉइनिंग लेटर दिखाकर विश्वास में लिया और किस्तों में बड़ी रकम की मांग की। पीड़ित कुंजबिहारी पटेल ने अपनी सरकारी नौकरी लगाने के लिए जमीन बेचकर अप्रैल 2022 में 4 लाख 58 हजार 300 तथा बाद में 3 लाख 69 हजार आरोपी सितेश को दिए। कई महीनों बाद भी कुंजबिहारी की नौकरी नहीं लगने पर सितेश पाणिग्राही को पैसे को वापस करने को बोला, तब सितेश धीरे-धीरे पैसा वापस कर देने या अपनी जमीन की रजिस्ट्री कुंजबिहारी के नाम पर कर देने की बात कहकर टालमटोल करते रहे। बाद में पता चला कि आरोपी सितेश पाणिग्राही ने इसी प्रकार अन्य व्यक्तियों से भी ठगी की। गांव के ही मुन्ना प्रसाद डनसेना से 3 लाख 77 हजार तथा देवकुमार से 8 लाख लेकर कुल 20 लाख 04 हजार की धोखाधड़ी की गई। पैसे वापस मांगने पर आरोपी सितेश पाणिग्राही ने पीड़ितों को दुर्ग ले गया, जहां विवेक कुमार नामक व्यक्ति से मिलाया और दोनों ने नौकरी के नाम पर पैसे लेने की बात स्वीकारा। विवेक ने पीड़िती को उनके नाम से चेक दिए गए, जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गए। विवेचना के बाद तकनीकी साक्ष्यों एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी विवेक कुमार को गिरफ्तार करने पुलिस टीम दुर्ग रवाना हुई जिसे तलाश कर अभिरक्षा में लेकर रायगढ़ लाया गया, आरोपी ने पूछताछ में नौकरी लगाने के नाम पर रकम लेने की बात स्वीकार की। आरोपी के कब्जे से एचडीएफसी बैंक का एक चेक, बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम कार्ड एवं मोबाइल जब्त किया गया। आरोपियों द्वारा अन्य जिलों में भी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने की जानकारी मिली है जिस संबंध में भी जानकारी ली जा रही है। पुसौर पुलिस ने आरोपी विवेक कुमार को 25 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी सितेश पाणिग्राही की तलाश जारी है।

## बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा के लिए वित्त मंत्री ने ली बैठक



**रायगढ़।** असम विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के बोकाखाट में आयोजित होने वाले सभा से पूर्व, आज मोहूरा मंडल में असम गण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं असम सरकार के मंत्री अतुल बोरा के साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बैठक लिया। इस अवसर पर गोलाघाट जिलाध्यक्ष चंद्र ज्योति ठाकुर, विधानसभा प्रवासी प्रभारी संतोष ओझा, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

## एसएसपी पहुंचे सपरिवार बंजारी धाम, पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**तमनार।** प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में बासंतिक नवरात्र पर्व 26 मार्च को एसएसपी शशिमोहन सिंह सपरिवार पूजा अर्चना कर माथा टेककर जिले वासियो की सुख शांति समृद्धि का आशीर्वाद लिया। दीप गृह में पूजा अर्चना कर अखण्ड मनोकामना ज्योति कलश का दर्शन किये। मन्दिर समिति द्वारा चुनरी ओढाकर श्रीफल से अभिनन्दन किया गया। बंजारी मन्दिर समिति सदस्यों द्वारा पानी पार्किंग, पूजन दर्शन, प्रसाद की व्यवस्था, दीप प्रज्वलन, प्रसाद वितरण हर दिन दोपहर व रात्रिकालीन हजारो लोगो को भोजन भंडारा खिलाने के संबंध में बताया गया।

उल्लेखनीय है कि सर्वशक्तिपीठ बंजारी माई धाम तराईमाल में 18 मार्च को भव्य कलश यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। 19 मार्च को विशाल दीपगृह मे मनोकामना ज्योति कलश में मूख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, वरिष्ठनागरिकों, कलेक्टर, एसपीए, सडीएम



तहसीलदार, श्रद्धालु छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश, भारत देश सहित विदेश से भी श्रद्धालुओ द्वारा दीप प्रज्वलित की गई है। प्रातः काल से ही नारियल, बूंदी लाई, हलवा, खीर, चना, भण्डारा स्थल में दोपहर एवं सांध्यकालीन आरती पश्चात समस्त आगंतुक हजारो श्रद्धालु भक्तजनों को चावल, दाल, सब्जी भंडारा प्रसाद खिलाया जा रहा है।

## विशेष शिविर में सैकड़ों हितग्राहियों का हुआ दोबारा सत्यापन

**रायगढ़।** जिले में डीएक्टिवेट एवं निष्क्रिय हो चुके आधार नंबरों को पुनः सक्रिय कर नागरिकों को उनकी पहचान और अधिकार वापस दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने प्रभावी पहल की है। इसी क्रम में बुधवार को सृजन सभा कक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लेकर अपने आधार का पुनः सत्यापन कराया। पूर्व सूचना एवं व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से हितग्राहियों को शिविर में आमंत्रित किया गया था, जिससे सुव्यवस्थित उपस्थिति सुनिश्चित हुई।

शिविर में उपस्थित प्रत्येक हितग्राही के आधार का गहन सत्यापन करते हुए बायोमैट्रिक अपडेट एवं लाइव फोटो लिया गया। साथ ही पहचान एवं पते से



संबंधित दस्तावेजकृजैसे वोटर आईडी, राशन कार्ड आदिकृका भी सत्यापन किया गया। यह पूरी प्रक्रिया भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई हैदराबाद से आए मैनेजर मोहम्मद सोबान के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। शिविर में ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सीएससी जिला प्रबंधक तथा जिले के आधार ऑपरेटरों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए शिविर को सफल बनाया। यूआईडीएआई के प्रतिनिधि मोहम्मद सोबान ने बताया कि संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने में लगभग 2 से 3 माह का समय लगेगा, जिसके पश्चात वर्तमान में निष्क्रिय आधार नंबरों को पुनः सक्रिय कर दिया जाएगा।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 10 मई को

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में संचालित राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना संशोधित के तहत कक्षा 9वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय प्राक्चयन परीक्षा की सूचना जारी की गई है। यह योजना प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट शैक्षणिक शिक्षा देने के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, क्लैट और एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती है। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। आदिवासी उपयोजना क्षेत्र रायगढ़ जिले के लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार और खरसिया तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातियों के स्कूलों के छात्र होंगे।

## युवक पर प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**रायगढ़।** मकान किराए को लेकर हुए प्राणघातक हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचकर घायल चन्द्रभान प्रसाद 30 निवासी ग्राम रामपुर गरडी थाना गोला जिला गोरखपुर उप्र हाल मुकाम रंजीत कॉलोनी पूंजीपथरा का कथन लिया गया। पीड़ित ने बताया कि वह बीए पावर प्लांट पूंजीपथरा में मैकेनिकल फिटर के पद पर कार्यरत है तथा कॉलोनी में किराए के कमरे में रहकर मकान मालिक की ओर से किराया वसूली का कार्य भी देखता है। पीड़ित के अनुसार आरोपी बंशीधर चौहान, जो उसी कालोनी के कमरे में रहता है कई दिनों से किराया नहीं दे रहा था। 23 मार्च को किराया मांगने पर आरोपी आक्रोशित हो गया और जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखे लकड़ी के डंडे से लगातार सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों पर हमला कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर 24 मार्च को थाना पूंजीपथरा में धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रोपी बंशीधर चौहान पिता विप्ता राम चौहान 35 निवासी कोटिया थाना नारायणपुर जिला जशपुर को पूंजीपथरा गिरफ्तार ने न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### जांघ में घुसी बंदूक की गोली डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाई जान

**जांजगीर-चांपा।** जांघ में फंसी बंदूक की गोली को सिम्स के डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक निकालकर मरीज का पैर बचा लिया। यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, क्योंकि गोली महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं के बेहद करीब फंसी हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंकज कश्यप को 23 मार्च को जांघ में गोली लगने के बाद गंभीर अवस्था में सिम्स में भर्ती कराया गया। व्यास नगर, पामगढ़ से रेफर होकर पहुंचे इस मरीज की स्थिति चिंताजनक थी, जिसे देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया। पैर हड्डी रोग विभाग के डॉ. तरुण सिंह ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर थी और शरीर में गोली का बने रहना संक्रमण और अन्य जटिलताओं को जन्म दे सकता था। ऐसे में बिना विलंब किए इमरजेंसी सर्जरी का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि गोली जांघ की प्रमुख रक्त नसों के बेहद पास फंसी हुई थी।

### 60 समाज और संस्थाओं के लोग होंगे रामनवमी शोभायात्रा में शामिल, झंडे से पटा शहर का हर कोना, रौशनी से जगमगाया

# सड़कों पर नजर आएंगे ओडिशा के कटप्पा, पंजाब का पाइप बैंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज आपको शहर की सड़कों पर ओड़िशा कालाहांडी के कटप्पा, पंजाब का पाइप बैंड, सुआ और पंथी के साथ कोलकाता के कार्टून नजर आंएगे। आदिवासी नृत्य भी आपके मन को मोहित करेगी। अखाड़ेबाजी का नजारा भी आपको आश्चर्य चकित करेगा। यह सब आज नटवर स्कूल से निकलने वाली राम नवमी शोभायात्रा में देखने को मिलेगा।

इस शोभायात्रा में शहर के करीब 60 समाज और संस्थाओं के लोग भी नजर आएंगे। शहर के लोग तो शामिल होंगे ही इसमें हर समाज की भागीदारी भी रहेगी। 12 साल पहले शुरु हुए रामनवमी शोभायात्रा हर साल एक नया कीर्तिमान रचते जा रहा है। शुरुआत में करीब 54 समाज और संस्था के लोग इसमें शामिल





होते थे। यह संख्या बढ़कर अब 60 तक पहुंच गई है। पहले सामान्य हुआ करता था, लेकिन अब इसकी भव्यता देखते बनती है। राम जानकी की झांकी सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहता है। साथ ही इस बार बाहर से अलग-अलग तरह की डीजे और लाइटें इसमें चार चांद लगाने वाली हैं। पूरे शहर को झंडे बैनर से सजाया गया है। रंगीन लाइटों से शहर का हर कोना जगमग कर रहा है।

**एंबुलेंस की रहेगी व्यवस्था**

इस शोभायात्रा में शहर के चुनिंदा चौक-चौराहों में एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। इसमें डॉक्टर और अन्य चिकित्या दल मौजूद रहेंगे। आपातकालीन समय में इनके द्वारा मोर्चा संभाला जाएगा। जहां-जहां से शोभायात्रा निकलेगी वहां रोशनी से जगमगा रही है। इसमें हर समाज की अलग झांकी भी होगी। छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रांतों से कलाकारों की टीम भी आएगी जो इस शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे।

**चौक- चौराहों पर पुलिस की पैनी निगाहें**

शहर के नटवर स्कूल से शोभायात्रा निकल कर रामलीला मैदान में समाप्त होगी। शोभायात्रा शहर के दर्जन भर से अधिक चौक- चौराहों से होकर गुजरेगी। इन चौक- चौराहों पर पुलिस की निगाहें रहेगी। यहां पुलिस बल की तैनाती की गई है। आसपास भी पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। जिला प्रशासन की टीम भी पुलिस की मदद के लिए रहेगी। बड़े अधिकारी इस दौरान हर गतिविधियों पर नजर बनाए रहेंगे। चौक चौराहों के अलावा जहां जहां से शोभायात्रा गुजरेगी वहां भी पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे। सादे वर्दी में भी जवानों की तैनाती की गई है।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री साय का बगिया आगमन पर भव्य स्वागत



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने गृह ग्राम बगिया पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय के आगमन पर बगिया हेलीपैड में आमजनों सहित अधिकारी कर्मचारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डीएफओ शशिकुमार सहित सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## नामांतरण में मामले में सहायक ग्रेड-2 पर कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** जिला प्रशासन द्वारा शासकीय कार्यों में गंभीर अनियमितता और पद के दुरुपयोग के मामले में सहायक ग्रेड-2 श्री अजय कुमार तिवारी के विरुद्ध दीर्घ शास्ति अधिरोपित करने की कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय तिवारी जिला कार्यालय की नजूल शाखा में पदस्थ रहते हुए ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा क्रमांक 243/1 की 1.710 हेक्टेयर शासकीय भूमि के नामांतरण में निर्धारित नियमों का पालन नहीं करते हुए विधि विरुद्ध तरीके से नामांतरण किए जाने में संलिप्त पाए गए। इस संबंध में देहात थाना गांधीनगर में भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 420, 467, 468, 471 एवं 120-बी के तहत 11 मार्च 2024 को अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इसके अतिरिक्त एसडीएम धौरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि अजय तिवारी 12 मार्च 2024 से बिना अनुमति के लगातार कर्तव्य से अनुपस्थित रहे। उक्त कृत्य के परिप्रेक्ष्य में उन्हें निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय उदयपुर नियत किया गया था। प्रकरण में विभागीय जांच संस्थित की गई, जिसमें जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में अजय तिवारी के विरुद्ध लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए गए। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 एवं 07 के विपरीत पाया गया।

## आवारा कुत्तों के हमले से कोटरी की मौत

**अम्बिकापुर।** पानी की तलाश में जंगल से भटक कर ग्राम पनिका पारा के निकट पहुंची एक कोटरी पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्तों के हमले में कोटरी की मौत हो गई। बुधवार की सुबह पानी की तलाश में एक कोटरी जंगल से भटक कर ग्राम खैरबार बांकी बांध मार्ग पर बसे पनिका पारा बस्ती के निकट पहुंची तो कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। पहले तो कोटरी सड़क पर इधर-उधर दौड़ती रही। कुछ देर में ही कुत्तों ने घेर कर उस पर हमला कर दिया तथा उसके शरीर को दातों से नोचने लगे। हमले में गंभीर रूप से घायल कोटरी की कुछ देर में ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि 10 दिन पूर्व भी एक कोटरी जंगल से भटकर गांव के निकट पहुंच गई थी जिसे कुत्तों ने हमला कर मार डाला था। मृत कोटरी का शव देर शाम तक सड़क किनारे पड़ा रहा।

## जेवर दुकान में सेंधमारी लाखों के जेवर की चोरी

**वाड्रफनगर।** क्षेत्र में एक बार फिर से चोरों ने एक जेवर दुकान को निशाना बनाया है। चोरों ने नगर के बीच व्यस्त मार्ग पर स्थित जेवर दुकान में सेंधमारी कर वारदात को अंजाम दिया है। सुबह दुकान खुलने पर घटना की जानकारी मिली जिसके बाद हड़कंप मच गया। दुकान से लाखों रूपए के सोने चांदी के जेवर पार होने की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। बता दें कि नगर के मुख्य बाजार स्थित दीपक अलंकार मंदिर नामक जेवर दुकान को संचालक रात के समय बंदकर घर चला गया था। 25 मार्च की सुबह जब संचालक दुकान वापस लौटा तो शटर उठाते ही उसके होश उड़ गए। दुकान के अंदर बने रैक खाली पड़े हुए थे और दुकान की दीवार पर एक बड़ा सा छेद बना हुआ था। चोरों ने बीती रात दुकान को निशाना बनाते हुए सेंधमारी कर घटना को अंजाम दिया। दीवार तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने दुकान में रखे सोने चांदी के जेवर को पार कर दिया।

### धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन से भक्तिमय रहा वातावरण

# शेखरपुर औघड़ बाबा आश्रम, काली मंदिर में नवरात्र पर हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जिले के शेखरपुर स्थित औघड़ बाबा आश्रम, काली मंदिर में इस वर्ष चैत्र (वासंती) नवरात्रि पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा।

औघड़ परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही आध्यात्मिक परंपरा है, जिसका उद्गम भगवान शिव के पंचमुखों में से एक अघोर मुख से माना जाता है। इस परंपरा को भगवान दत्तात्रेय, बाबा कीनाराम जैसे महान संतों ने आगे बढ़ाते हुए इसे व्यापक स्वरूप प्रदान किया। उसी परंपरा का अनुसरण करते हुए औघड़ बाबा आश्रम, मां काली मंदिर शेखरपुर में नवरात्रि पर्व का विधि-विधान से आयोजन किया गया। नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना एवं अखंड ज्योति प्रज्वलन के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ। भक्तजन बड़ी श्रद्धा के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर माता की आराधना करते रहे। इस



दौरान विभिन्न क्षेत्रों से भक्तों और संत-महात्माओं का आगमन भी लगातार होता रहा।

छत्तीसगढ़ के रायपुर अम्बिकापुर रायगढ़, खरसिया, भाटापारा, बगीचा, बैकुंठपुर, सीतापुर, कांसाबेल और पत्थलगांव सहित मध्यप्रदेश, उड़ीसा, झारखंड दक्षिण भारत तथा वाराणसी (उत्तरप्रदेश) से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर महानिशा पूजन एवं विशेष भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नवमी के दिन परंपरानुसार कन्या पूजन और भैरव पूजन कर उन्हें भोजन, श्रृंगार सामग्री एवं भेंट अर्पित की जाएगी। पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। बाबा संतोष ने बताया कि यह पर्व हर वर्ष इसी तरह श्रद्धा भक्ति और अनुशासन के साथ मनाया जाता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर मां काली जी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## कछार शिव मंदिर में लग रही भक्तों की भीड़



**पत्थलगांव।** कछार शिव शक्ति मन्दिर में नवरात्र पर्व की धूम मची है। मन्दिर में भक्तों की खचाखच भीड़ लगातार भक्तों की संख्या में बढ़ती भीड़ से कछार मन्दिर शोभायमान माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त करने दूर दूर से आर हे भक्त माता की आरती और माता की रसोई कछार मन्दिर का मुख्य आकर्षण है। जिसे पाने भक्ति मय भक्त लगातार बढ़ते जा रहे है। आज सप्तमी के दिन मन्दिर प्रांगण पूरा बगरा रहा। मृत्यु क्यों आवश्यक है इस बात पर बनारस से आचार्य चन्द्रेश्वर मिश्रा ने बहुत सुन्दर व्याख्या करते हुए कहा हर कोई मृत्यु से डरता है, लेकिन जन्म और मृत्यु सृष्टि के नियम हैं। यह ब्रह्मांड के संतुलन के लिए आवश्यक है। कछार शिव शक्ति मंदिर के कार्यक्रम में निरंजन यादव ,कृष्णा अग्रवाल, पद्मन पटेल, खितिज खूंटियां, जितेन्द्र गुप्ता, ऋषि बेहरा, कृष्णा डनसेना, तरुण जायशवाल, पप्पू यादव, गोपाल गोयल, चिंटू अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, त्रिलोचन यादव, टुनटुन मिश्रा, लछमन यादव, दिपांसु अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, पंकज गोयल एवं अन्य मंदिर समिति के साथी मिल कर मंदिर के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

## रामनवमी पर युवाओं ने निकाली बाइक रैली

**पत्थलगांव।** रामनवमी पर नगर के युवाओं ने सैकड़ों की संख्या में बाइक पर पताका ध्वज लिए रैली निकाली। रैली के आगे श्रीराम के भजनों की धुन पर युवाओं ने थिरकते हुए दिखाई दिए। रैली में भगवा वस्त्र पहने युवा एवं हाथों पर परंपरागत अस्त्र-शस्त्र लेकर जयकारे लगा रहे थे। पूरा नगर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजायमान होता रहा। रैली की अद्भुत छटा देखते ही बन रही थी।



## महाअष्टमी पर नगर में भंडारे एवं कन्या भोज के साथ की पूजा अर्चना

**पत्थलगांव।** नगर में दुर्गा अष्टमी के मौके पर भक्तों ने अपने घरों पर नव कन्याओं को भोजन ग्रहण कराते हुए पूजा अर्चना के साथ भोजन कराया। नगर के लोगों द्वारा जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया। थाना के सामने पवन अग्रवाल द्वारा भी महाअष्टमी के मौके पर माता को खीर पूरी हलवा का प्रसाद लगाते हुए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



## अखंड नाम विष्णु महायज्ञ में शामिल हुईं गोमती साय



**पत्थलगांव।** ग्राम बटुराकछार में चैत्र नवरात्र पर आयोजित अखंड नाम विष्णु महायज्ञ में विधायक गोमती साय शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान विष्णु से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। यज्ञ स्थल पर पहुंचने पर आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों ने विधायक श्रीमती गोमती साय का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को आपसी भाईचारे एवं संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने क्षेत्र में शांति, समृद्धि और उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से यज्ञ एवं पूजा-अर्चना में भाग लिया। यज्ञ के माध्यम से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं सामाजिक एकता की कामना की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संघ के स्वयंसेवकों ने पथसंचलन कर दिया अनुशासन व एकता का संदेश

**पत्थलगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष और हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में पत्थलगांव खंड में भव्य पथसंचलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों स्वयंसेवकों ने भाग लिया और पूरे नगर में अनुशासन व एकता का संदेश दिया। पथसंचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः वहीं पहुंचकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला संचालक मुरारी लाल अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में विभाग संघचालक जलजीत सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष और समाज में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रचारक कमलेश चंद्रा के मार्गदर्शन में नगर व जिला स्तर के कई कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





## जनगणना के लिए फिल्ड ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** जनगणना की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ में भी प्रारंभ हो चुकी है प्रत्येक जिले से 2 मास्टर ट्रेनर रायपुर जिले में उपस्थित होकर प्रशासनिक अकादमी में 9 मार्च से 12 मार्च तक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात विभिन्न जिलों में फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है इसी तारतम्य में जशपुर जिले में भी फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण दिनांक 23 मार्च से 25 मार्च तक जशपुर के कलेक्टरेट के मंत्रणा कक्ष मे ज़लि जनगणना अधिकारी प्रशांत कुशवाहा डिप्टी कलेक्टर की उपस्थिति मे प्रारम्भ किया गया।

राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए मास्टर ट्रेनर डा. एमजेडयू सिद्दीकी प्राचार्य डाइट जशपुर एवं डीआर राठिया सहायक अध्यापक एन ई एस महाविद्यालय के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के लिए जशपुर ज़लि की विभिन्न तहसीलों से तीन-तीन मास्टर ट्रेनर आकर प्रशिक्षण प्राप्त किया इस प्रशिक्षण में जनगणना का प्रारंभिक परिचय बताया गया, प्रारंभिक परिचय के पश्चात इसका फ्रेमवर्क किस प्रकार का होगा के बारे में फील्ड ट्रेनर को बताया गया पर्यवेक्षक की कार्य पद्धति एवं उनकी जिम्मेदारियां के बारे में बताने के पश्चात नजरी नक्शा किस प्रकार से बनाया जाएगा भवन नंबर एवं जनगणना मकान में किस प्रकार से नंबरिंग की जाएगी परिवार एवं संस्थागत परिवार बेघर परिवार की जनगणना के हिसाब से क्या परिभाषा है उन परिभाषाओं के बारे में बताया गया तत्पश्चात प्रगणक फील्ड में पहुंचकर किस प्रकार प्रश्न पूछेंगे एवं जानकारी को भरेंगे इसका प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आजादी के पश्चात इस आठवीं जनगणना में जो की 16 वर्षों के पश्चात हो रही है इस मामले में विशिष्ट है कि यह जनगणना पूरी तरीके से डिजिटल होगी'साथ ही मोबाइल ऐप मे स्व जनगणना भी नागरिक कर सकेंगे मोबाइल ऐप के माध्यम से यह इस जनगणना की प्रमुख विशेषता होगी एवं पूरी जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से जिसे एच एल ओ एप के नाम से जाना जाता है किया जावेगा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन मोबाइल के द्वारा डिजिटल जनगणना किस प्रकार से की जाएगी ।इसका मैदानी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया जिसमें गम्हरिया ग्राम पंचायत का निरीक्षण फील्ड ट्रेनर के द्वारा किया गया एवं वहां पर जनगणना भवन एवं जनगणना मकान की गणना एवं प्रश्न वहां के रह वासियों से किया गया फील्ड से वापस आने के पश्चात फील्ड ट्रेनों से प्रश्न आमंत्रित किया गया जिसका समाधान मास्टर ट्रेनर डॉक्टर सिद्दीकी प्राचार्य डाइट एवं डीआर राठिया सहायक प्राध्यापक एनईएस महाविद्यालय के द्वारा किया गया कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक एवं जिला जनगणना अधिकारी प्रशांत कुशवाहा डिप्टी कलेक्टर उपस्थित रहे एवं सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर को ईमानदारी, निष्पक्षता एवं गोपनीयता के साथ जनगणना कार्य को संपादित करने का निर्देश दिया।

## किलकिला धाम में राम जन्मोत्सव की तैयारियों में जुटा बंजारा समाज





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

आस्था, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का अनूठा संगम इन दिनों जशपुर-रायगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र किलकिला धाम में देखने को मिल रहा है। यहाँ स्थित भव्य श्री राम जानकी मंदिर (श्री तुधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण) में बंजारा (नायक) समाज द्वारा 'श्री राम जन्मोत्सव' का आयोजन बेहद धूमधाम से किया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशेष चर्चा में है, क्योंकि समाज ने अपनी रूढ़िवादी परंपराओं से इतर महिलाओं को संगठन में प्रमुख जिम्मेदारी सौंपकर एक नई मिसाल पेश की है।

यह पहली बार है जब बंजारा समाज के संगठन ने महिलाओं को प्रमुख पदों पर आसीन किया है। जिम्मेदारी मिलते ही महिलाओं की सक्रियता देखते ही बन रही है। सावित्री बंजारा (तिलड़ेगा), प्रेमशीला श्याम बंजारा (मेंडेर), जयश्री नंदकुमार बंजारा (कोतबा) और ममता धरम बंजारा (कोतबा) जैसी महिला नेत्रियां घर-घर जाकर न केवल निमंत्रण दी हैं, बल्कि समाज को एकजुट करने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं।

26 मार्च 2026 (गुरुवार): दोपहर 4 बजे से भव्य कलश यात्रा, स्थापना एवं अखंड दीप प्रज्वलन। शाम को सामाजिक मातृ-शक्तियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति और स्थानीय रामायण प्रेमियों द्वारा रात्रि जागरण। 27 मार्च 2026 (शुक्रवार): चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी के पावन अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव, हवन, पूर्णाहुति और विशाल भंडारा का आयोजन।

### किलकिला धाम बंजारा समाज की आस्था का केंद्र

आपको बता दें कि किलकिला धाम में बना यह श्रीराम जानकी मंदिर पूर्णतः बंजारा समाज के सामूहिक सहयोग से निर्मित है। यह स्थान न केवल धार्मिक पूजन बल्कि सामाजिक बैठकों और मांगलिक कार्यों का भी मुख्य केंद्र है। समाज के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने निवेदन किया है कि प्रत्येक टांड (बस्ती) के हर घर से कम से कम एक सदस्य इस पुण्य कार्य में अनिवार्य रूप से सम्मिलित हो। रामनवमी में श्रद्धा पूर्वक आने का आग्रह किया गया है। इस आयोजन से न केवल बंजारा समाज की सांस्कृतिक सभ्यता जीवंत हो रही है, बल्कि ¤नारी शक्ति¤ के समावेश से समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जा रहा है। गुरुवार से ही दोनों जिलों के श्रद्धालुओं का तांता किलकिला धाम में लगना शुरू हो गया है।

## 100 साल के बुजुर्ग को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

**जशपुरनगर।** कांसाबेल विकासखंड के ग्राम पंचायत टांगरगांव के 100 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग श्री सोहद राम चक्रेश के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) किसी सहारे से कम नहीं है। उम्र के इस पड़ाव पर, जब कदम साथ नहीं देते, तब एक सुरक्षित और मजबूत घर उनके लिए सुकून की छांव बन गया है। वर्ष 2024-25 में मिले इस आवास ने उनके कच्चे घर की असुरक्षा को खत्म कर उन्हें एक सम्मानजनक जीवन दिया है। श्री चक्रेश अब चलने-फिरने में असमर्थ हैं, ऐसे में परिवार के लिए उनकी देखभाल करना पहले कठिन था। उनके नाती श्री बसंत कुमार चक्रेश बताते हैं कि कच्चे मकान में रहना हमेशा चिंता का कारण बना रहता थाकृबरसात, ठंड और गर्मी में दादा को तकलीफ होती थी। लेकिन अब पक्का मकान मिलने से न सिर्फ रहने की सुविधा बढ़ी है, बल्कि पूरे परिवार को सुरक्षित आवास भी मिली है। प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से ऐसे कई जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर जीवन मिल रहा है, जो वास्तव में इस योजना की सार्थकता को दर्शाता है।

# सनकी कुमाता ने 4 महीने के मासूम को उठाकर जमीन पर पटका, फिर रख दिया पति की गोद में

**खास बात**

- घर के सामने बैठा था पति

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जिले में बुधवार को एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। माता से कुमाता बनी सनकी महिला ने अपने ही चार महीने के बच्चे को उठाकर पटक दिया। पति से हुए विवाद और खाना बनाने के लिए बोलने पर सनकी महिला ने रो रहे बच्चे को जमीन पर पटका और फिर उठाकर पति की गोद में रख दिया। मासूम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रेमनगर उमेश्वरपुर अंतर्गत ग्राम जयपुर निवासी सुनसाय प्रजापति का 25 मार्च की सुबह किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद सुनसाय पत्नी वृन्दवती को खाना बनाने के लिए बोलकर घर से सामने रहने वाले कोटवार के पास राम नवमी पर होने वाली पूजा के लिए चर्चा करने चला गया था। सुनसाय व कोटवार घर के बाहर ही बैठकर बात कर रहे थे। इसी दौरान दोनों का चार महीने का बच्चा अचानक रोने लगा। बच्चे के रोने पर सनकी महिला वृन्दवती ने बच्चे को चुप कराने के बदले आवेश में उठाकर जमीन पर पटक दिया जिससे बच्चा बेहोश हो गया। इस दौरान यह पूरी घटना घर के सामने कोटवार के यहां बैठा पति देख रहा था। बच्चे को उठाकर पटकने के बाद महिला ने मासूम को उठाकर सामने बैठे पति की गोद में लाकर रख दिया। इस घटना के बाद आनन फानन में युवक अपनी मां के साथ बच्चे को लेकर जिला अस्पताल सूरजपुर पहुंचा जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी प्रभारी मंजू सिंह ने बताया कि इस मामले शून्य पर मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।



### बड़ी उम्र की महिला से प्रेम विवाह

बताया जा रहा है कि उमेश्वरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम जयपुर निवासी सुनसाय की उम्र लगभग 23 से 24 वर्ष है और उसने अपने से उम्र में बड़ी 30 वर्षीया महिला वृन्दवती से प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह के बाद ही दोनों का पुत्र हुआ था। इस घटना के बाद बच्चे का पिता और परिवार के सदस्य सदमें में है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला सनकी किस्म की है और बच्चे के रोने और खाना बनाने के लिए बोलने पर इस वारदात को अंजाम दिया।

### चल रही है जांच

पति से हुए विवाद के बाद खाना बनाने के लिए बोलने पर महिला ने बच्चे को उठाकर जमीन पर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के समय महिला का पति घर के सामने कोटवार के पास गया था। मामले में मर्ग कायम किया गया है और जांच चल रही है।

**-प्रशांत ठाकुर**, एसएसपी, सूरजपुर

## अंकिरा में 26 अप्रैल को श्याम संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाज सेवी स्व. त्रिलोचन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम अंकिरा में भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 26 अप्रैल 2026, दिन रविवार को मेला मैदान अंकिरा में रात्रि 08 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित होगा। इस आयोजन को लेकर श्याम भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



- अयोध्या की गायिका गुनगुन दुबे देंगी भजनों की प्रस्तुति

कार्यक्रम में श्याम भजन की प्रसिद्ध गायिका सुश्री गुनगुन दुबे जो प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या से है अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगी। उनके भजनों से पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो जाएगा और श्रद्धालु श्याम बाबा के संकीर्तन में भाव-विभोर होकर शामिल होंगे। इस भव्य भजन संध्या का आयोजन स्वर्गीय त्रिलोचन सिंह की पावन स्मृति में किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां भी जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम के आयोजक एवं स्वर्गीय त्रिलोचन सिंह के सुपुत्र सागर सिंह (उपाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल तपकरा) ने क्षेत्र के सभी श्याम भक्तों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



# ‘तेरे इश्क में’ का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर कल

**मुंबई।** फिल्म ‘तेरे इश्क में’ का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर 27 मार्च को रात 8 बजे सोनी मैक्स पर किया जाएगा। यह 2026 की सबसे ज़्यादा इंतज़ार की जाने वाली फ़िल्मों में से एक है। कल्ट क्लासिक फ़िल्म ‘रांझणा’ के भारतीय सिनेमा में रोमांटिक ड्रामा के अंदाज़ को बदलने के 12 साल बाद, नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता धनुष और कहानी कहने के माहिर आनंद एल. राय की मशहूर जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को वाराणसी के रहस्यमयी घाटों और तंग गलियों में वापस ले जाने के लिए साथ आई है। निर्देशक ने बताया कि यह फ़िल्म प्यार के एक गहरे और तीव्र रूप को दिखाती है और कई मायनों में, प्यार पर यह मेरी अब तक की सबसे परिपक्व सोच है।

## लाइफ Style

# मोनालिसा

## सनोज ने गलत तरह से छुआ

कुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपनी फैमिली और फिल्ममेकर सनोज मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मोनालिसा भोसले बीते दिनों मुस्लिम एक्टर फरमान से शादी करके चर्चा में आई थीं। अब मोनालिसा ने मीडिया के सामने बयान दिया है कि उनके घरवालों को सिर्फ पैसे से मतलब है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सनोज मिश्रा पर आरोप लगाया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बहाने उन्हें दस बार गलत तरीके से छुआ। मोनालिसा का वीडियो वायरल है जिसमें वह बोल रही हैं कि घरवाले दिखावा कर रहे हैं। मोनालिसा बोलती हैं, ‘दिखा रहे हैं ना कि देखो हम ये कर रहे हैं, हम मर रहे हैं, सुसाइड कर रहे हैं, ये सब दिखावा है। सब झूठ है। उनको सिर्फ और सिर्फ पैसे चाहिए, बच्चों से कुछ मतलब नहीं है। मेरी फैमिली जो बोल रही है ना... तब मेरी मम्मी कहां गई थी? बचपन से मैंने मां का प्यार नहीं देखा। जब किसी बच्चे को मां के साथ देखती थी ना तो रोती थी कि भगवान आज अगर मेरी मां मेरे साथ रहती तो मैं क्या कुछ नहीं करती। लेकिन मां तो ड्रिंक करना, पापा को तो दूसरी औरतों के साथ रहना। मेरे तीनों भाई-बहनों को सिर्फ और सिर्फ मैंने पाला है और कैसे पाला है, मैं ही जानती हूं।’ मोनालिसा ने सनोज मिश्रा पर भड़ास निकाली। बोलीं, ‘वो जो सनोज मिश्रा है ना, वो तो मेरी फैमिली को डरा रहा है, धमका रहा है कि नहीं मेरी फिल्म दस करोड़ की है, लेकिन सनोज मिश्रा की मूवी तीन लाख रुपए की भी नहीं है। सनोज मिश्रा पूरे-पूरे दिन मुझे सोने नहीं देता और चुपके से एक सीन निकालता है।



## हॉलीवुड मसाला





# द पनिशर... की रिलीज डेट जारी

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल टेलीविजन की खास पेशकश ‘द पनिशरः वन लास्ट किल’ की हाल ही में रिलीज डेट की घोषणा की गई है। इस सीरीज में फ्रैंक कैसल अपनी भूमिका में वापसी करेंगे। मावर्ल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आगामी सीरीज ‘द पनिशर वन लास्ट किल’ का एक पोस्टर शेयर किया। जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में इसकी रिलीज डेट की घोषणा करते हुए लिखा कि इस सीरीज में फ्रैंक कैसल की वापसी होगी। इसके साथ ही उन्होंने लिखा की मार्वल टेलीविजन स्पेशल प्रेजेंटेशन ‘द पनिशरः वन लास्ट किल’ 2 मई को केवल डिज्नी प्लस पर स्ट्रीम होगी।




# किताबों पर आधारित है हैरी पॉटर टीवी सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने ‘हैरी पॉटर’ टीवी सीरीज की पहली तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस तस्वीर में युवा हैरी (डोमिनिक मैकलॉघलिन) को पीछे से दिखाया गया है। वह हैरी पॉटर के कॉस्ट्यूम में हैं। वह बर्फीली जमीन पर चल रहे हैं। उन्होंने एक लंबा चोगा पहना हुआ है। इस पोस्ट में बताया गया है कि इस सीरीज का पहला टीजर ट्रेलर बुधवार को रिलीज किया जाएगा। ‘हैरी पॉटर’ टीवी सीरीज में, जेके रोलिंग के सात उपन्यासों को नए सिरे से पेश किया जाएगा। इन उपन्यासों की दुनिया भर में 600 मिलियन से ज्यादा प्रतियां बिक चुकी हैं। इन पर बनी आठ फिल्मों ने अच्छी खासी कमाई की है। टीवी सीरीज के हर सीजन में इन सात किताबों में से एक को शामिल किया जाएगा। अनुभवी निर्देशक मार्क माइलॉड इस सीरीज के कई एपिसोड का निर्देशन करेंगे।



# करना चाहती हैं एक्शन कॉमेडी फिल्में

**मुंबई।** अभिनेत्री शालिनी पांडे ने अपने कॅरियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्मों और सीरीज में काम किया है। अब अभिनेत्री की इच्छा एक्शन फिल्म में काम करने की है। ‘धुरंधर’को अपनी मौजूदा पसंदीदा फिल्म बताते हुए शालिनी ने इन दो कलाकारों को अपना फेवरेट बताया और काम करने की इच्छा जताई। एक्ट्रेस ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को लेकर भी बात की। शालिनी पांडे ने कहा कि मैं इतनी महत्वाकांक्षी हूं कि मुझे लगता है कि मैं बहुत कुछ करना चाहती हूं। मैंने जीवन भर खेल खेले हैं और मुझे खेल बहुत पसंद हैं, इसलिए मुझे लगता है कि मैं एक एक्शन फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे एक्शन पसंद है। मुझे इसका रोमांच बहुत अच्छा लगता है। इसलिए एक्शन ही वह चीज है जो मैं करना चाहती हूं।



# भूत बंगला को सेंसर बोर्ड से मिली मंजूरी

**मुंबई।** अक्षय कुमार आगामी फिल्म ‘भूत बंगला’के साथ एक बार फिर कॉमेडी जॉनर में वापसी करने को तैयार हैं। इस फिल्म के जरिए अक्षय और प्रियदर्शन की एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी लगभग 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापस आ रही है। अब अक्षय की इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिल गई है और यूए सर्टिफिकेट मिला है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म को फैंटेसी और हल्के सुपरनेचुरल एलिमेंट्स के साथ मिलाकर बनाया गया है। ‘भूत बंगला’ में डरावने सीन के बजाय सिचुएशनल कॉमेडी पर अधिक ध्यान दिया गया है। यूए 16 रेटिंग के साथ यह फिल्म कॉमेडी और हॉरर का डबल डोज देने वाली फुल एंटरटेनर फिल्म के तौर पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। भूत बंगला इस साल गर्मियों में आने वाली मच अवेटेड फिल्मों में से एक है।

## टीवी मसाला




# नीना- संजय की दमदार थ्रिलर वध 2 ओटीटी पर होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की थ्रिलर फिल्म ‘वध 2’ अब ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसकी रिलीज डेट आ गई है। अब इस फिल्म को घर बैठे 3 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। यह साल 2022 में आई फिल्म का सीक्वल है, जिसे दर्शकों से खूब अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। वहीं, सीक्वल में प्यार और मोहब्बत के साथ बदले और अपराध की कहानी है, और इसे भी काफी पसंद किया गया था। फिल्म ‘वध 2’ की कहानी साल 1994 से शुरू होती है, जब मंजू देवी को डबल मर्डर के आरोप में 28 साल की सजा सुनाई जाती है। फिर कहानी 28 साल आगे बढ़ती है। दिखाया जाता है कि मंजू देवी जेल में बंद है। और वहीं पर गार्ड शंभूनाथ मिश्रा (संजय मिश्रा) है, जो मंजू से बहुत प्यार करता है। मंजू या जेल की किसी भी महिला कैदी को किसी भी चीज की जरूरत होती है, तो वह शंभूनाथ को फोन करती है, और वह उन्हें वह चीज पहुंचा देता है। जेल में एक बड़े नेता का भाई केशव भी कैदी है, पर वहां उसका राज चलता है और वह सभी कैदियों के साथ मारपीट करता है। एक दिन केशव की नजर एक महिला कैदी पर पड़ती हैं और नीयत खराब हो जाती है। फिर अचानक केशव गायब हो जाता है। केशव के साथ क्या होता है और वह कहां गया, ‘वध 2’ की कहानी इसी के इर्द-गिर्द घूमती है और ट्विस्ट भरी है। ‘वध 2’ को जसपाल सिंह संधू ने डायरेक्ट किया है और वही इसके राइटर भी हैं। फिल्म के बजट और कमाई की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसे 10 करोड़ में बनाया गया था और इसने 3.77-3.83 करोड़ रुपये ही कमाए थे।

## नई वेब सीरीज ‘मां का सम’

**नई दिल्ली।** मोना सिंह और मिहिर आहूजा वेब सीरीज ‘मां का सम’ में एक साथ नजर आने वाले हैं। मोना और मिहिर के अलावा इस सीरीज में अंगिरा धर और रणवीर बराड़ भी अहम किरदार में नजर आएंगे। ‘मां का सम’ एक नई वेब सीरीज है। जिसका निर्देशन निकोलस खारकोंगोर ने किया है। इस सीरीज में मोना सिंह के साथ मुख्य भूमिका में मिहिर आहूजा नजर आएंगे। यह सीरीज 3 अप्रैल 2026 को प्राइम वीडिय रिलीज हो रही है। इस सीरीज की कहानी अगस्त्य नाम के एक होनहार टीनएज लड़के की है, जिसे मिहिर आहूजा ने निभाया है। अगस्त्य बहुत अच्छा मैथ्स का स्टूडेंट है। वह पूरी दुनिया को नंबर्स, ग्राफ और लॉजिक के नजरिए से देखता है। उसकी सिंगल मां विनीता का रोल मोना सिंह ने निभाया है।



# मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाना चाहते हैं इमरान...

**मुंबई।** अनिल कपूर स्टारर मिस्टर इंडिया अपनी रिलीज के 29 साल बाद भी दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है। फिल्म को हर पीढ़ी के दर्शक काफी पसंद करते हैं। कई बार फिल्म का सीक्वल बनाने की भी चर्चाएं उठीं। अब अभिनेता इमरान खान ने मिस्टर इंडिया का रीमेक बनाने की इच्छा जताई है। हाल ही में इमरान खान ने फैंस के अलग-अलग सवालों के जवाब दिए। इसी दौरान एक प्रशंसक ने इमरान खान से पूछा, ‘अगर आपको कभी दुनिया के किसी भी इंडस्ट्री के किसी भी पॉपुलर किरदार (सुपरहीरो सहित) को अपने नजरिए से फिर से लिखने का मौका मिले, तो आप किसे चुनेंगे?’ इसके जवाब इमरान ने कहा कि यह सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा, लेकिन कई साल से मेरा सपना रहा है कि मैं मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाऊं। मैं इस फिल्म का बहुत बड़ा फैन रहा हूं। क्योंकि, यह एक फिक्शनल कॉमिक बुक फिल्म को यथार्थवादी और इमोशनल रूप से मजबूत बनाने का एक बेहतरीन उदाहरण है। यह शानदार है। अनिल कपूर आज भी उतने ही अच्छे दिखते हैं जितने तब दिखते थे। इमरान ने कहा कि मेरे लिए इस किरदार की खूबसूरती उसकी ईमानदारी और आदर्शवाद में ही है। मुझे सच में लगता है कि मूल फिल्म में अनिल कपूर का जो आकर्षण और मासूमियत थी, उसे रीमेक में आप बखूबी निभा सकते हैं। मुझे जरूर बताएं कि मैं इसके लिए कहां साइन अप कर सकता हूं।



# 36 साल पुराना गीत बना था टूटे दिल की आवाज
## आशिकों का दर्द बयां करता है सैड सॉन्ग

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के लिए 90 का दशक गोल्डन एरा रहा था। इस दौर में कई कल्ट फिल्में और उनके गाने आए थे, जिन्हें आज भी श्रोता सुनना पसंद करते हैं। खासतौर पर 90s के सैड सॉन्ग का बोलबाला अब भी देखने को मिलता है। इस आधार पर आज हम आपको 36 साल पुराने एक लोकप्रिय गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 2026 में भी आशिकों के टूटे दिलों की आवाज बना हुआ है। इस गीत को गायक कुमार सानू ने अपनी दर्दभरी आवाज में गाया था। आइए जानते हैं कि वह सॉन्ग कौन सा है।

### कुमार सानू का दर्दभरा गीत

जिस गाने के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, वह साल 1990 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म आशिकी से नाता रखता है। यूं तो निर्देशक महेश भट्ट की इस मूवी के सारे गाने कल्ट और क्लासिक माने जाते हैं, लेकिन सिंगर कुमार सानू की आवाज में गाया गया गीत अब तेरे बिन जी लेंगे हम... आज भी आशिकों की पहली पसंद माना जाता है। 5 मिनट 39 सेकेंड का अब तेरे बिन जी लेंगे हम गाना सुनकर आपको भी अपने प्यार की याद आ जाएगी। सॉन्ग के एक-एक अंतरा आपके दिल को चीर के रख देगा और अगर आपका भी कभी दिल टूटा है तो आशिकी का ये गीत आपके आंखें भी नम कर देगा। इस गाने को अभिनेता राहुल रॉय पर फिल्माया गया है।




### गीतकार समीर की कलम से निकले थे गाने

गौर किया जाए आशिकी के इस कल्ट गीत की मेकिंग की तरफ तो अब तेरे बिन जी लेंगे हम के संगीतकार की जिम्मेदारी सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने उठाई थी, जो उस वक्त एक बड़ी म्यूजिक प्रोड्यूस कंपनी थी। इसके अलावा इस गाने के बोल मशहूर गीतकार समीर की कलम से निकले थे। इस तरह से आशिकी का ये कालजयी सैड सॉन्ग बनकर तैयार हुआ था।

## शम्मी कपूर की फिल्म से रखता है नाता


# मोहम्मद रफी के गाने को लता मंगेशकर ने कर दिया था अमर

*नई दिल्ली। लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी हिंदी सिनेमा के दो सबसे उम्दा गायकों में शुमार थे। यूं तो इन जोड़ी ने मिलकर एक से बढ़कर सदाबहार गीत को गाया था। लेकिन, एक गाना ऐसा भी रहा, जिसे पहले रफी साहब ने अपनी आवाज में गाकर सुपरहिट कराया। बाद में उसी सॉन्ग लता दीदी ने अपनी रूहानी आवाज में गाकर गाने को कालजयी कर दिया था। ये सॉन्ग अभिनेता शम्मी कपूर की मूवी से नाता रखता है।*



### लता दीदी ने गाया था रफी साहब का गाना

गायक मोहम्मद रफी के जिस गीत के बारे में इस लेख में बात की जा रही है कि वह शम्मी कपूर और शायरा बानो स्टारर फिल्म जंगली से ताल्लुक रखता है। 1961 में इस गाने को पहली बार रफी साहब ने अपनी मधुर आवाज में गाया था और सैड सॉन्ग के आधार पर 35 साल बाद भी इस गीत को श्रोता सुनना पसंद करते हैं, गाने के बोल हैं- एहसान तेरा होगा मुझ पर...। इसी गाने को सालों बाद गायिका लता मंगेशकर ने एक म्यूजिट इवेंट के दौरान अपनी आवाज में गाया था। फेसबुक के पेज पर मौजूद इस वीडियो में आप एहसान तेरा होगा मुझ पर को लता दीदी के वर्जन सुन सकते हैं। जिस तरह से मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से इस गीत में जान फूंकी, ठीक उसी तरह से सुरो की कोकिला ने भी अपनी आवाज से इस सॉन्ग का मजा दोगुना कर दिया। कुल मिलाकर कहा जाए तो रफी साहब के साथ-साथ लता मंगेशकर की आवाज में जंगली मूवी का ये सैड सॉन्ग आज भी अमर है और श्रोता दोनों ही वर्जन को सुनना पसंद करते हैं। लता की आवाज में भी ये सॉन्ग सुपरहिट माना जाता है।



### लता मंगेशकर ने गाए इतने गाने

हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ की गायिकाओं में शुमार थीं। उन्होंने अपने सुनहरे सिंगिंग कॅरियर में 20 से अधिक भारतीय भाषाओं में 30 हजार से ज्यादा गीतों को गाया था। एहसान तेरा होगा मुझ पर उनमें से एक शानदार गीत है।

## खबर संक्षेप



### लोचन नगर दुर्गा मंदिर में आज होगा भंडारा

**रायगढ़।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर लोचन नगर स्थित दुर्गा मंदिर में शुक्रवार 27 मार्च को भंडारे का आयोजन किया गया है। मंदिर में प्रतिदिन सुबह से ही विधि विधान के साथ पूजा अर्चना जारी है। परंपरा के अनुसार दुर्गा नवमी के दिन नौ कन्या भोज के उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी विशेष कार्यक्रम रखा गया है। प्रसाद वितरण का समय दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। लोचन नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर वर्ष मातारानी का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं। नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही मंदिर परिसर में मोहल्लेवासियों द्वारा भजन कीर्तन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज नौ कन्याओं के भोज के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजकों ने भक्तों से निर्धारित समय पर पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### काव्या का नवोदय विद्यालय में चयन

**कापू।** केजीबलेफ्स इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल कापू में अध्यनरत बालिका काव्या अजगल्ले का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन। छात्रा के शिक्षकों, पालकों एवं छात्रा को इस विशेष उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई। छात्रा प्रतिदिन कक्षा कार्य, गृहकार्य और प्रतियोगिता परीक्षाओं से सम्बंधित प्रैक्टिस कार्यों को समय पूर्ण करती थी और शाला के अनुशासन का पूर्णतः पालन करती थी। वार्षिकोत्सव के विविध कार्यक्रमों में खेलकूद, ड्रॉइंगपैंटिंग आदि गतिविधियों मे बढ़ चढ़कर भाग लेती है। ज्ञातव्य है उक्त शाला में प्रतिदिन नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, प्रयास, एकलव्य आदि स्कूल के एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी पुराने प्रश्नपत्रों के माध्यम से प्रैक्टिस कराई जाती है। साथ ही प्रतिदिन एक्स्ट्रा ट्यूशन क्लासेस विद्यार्थियों के स्तर के आधार पर कराई जाती है। जहां कंप्यूटर क्लासेस, सामान्य ज्ञान, योगा, ड्रॉइंग पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, गुलदस्ता, राखी खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित कराई जाती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विधायकों और सांसदों के हाथों पुरस्कृत कराई जाती है ताकि बच्चों को बेहतर प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

### लूट का फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के कोसा रोड में रास्ता रोककर लूट पाट करने वाला फरार आरोपी दो माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मामले में एक अन्य आरोपी की पहले गिरफ्तारी हो चुकी है। ग्राम खपरी निवासी वीरू कुर्रे अपने चचेरे भाई संतकुमार कुर्रे के साथ मोटर साइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम कोसा में मुख्य मार्ग पर दो युवकों ने रास्ता रोककर गाली- गलौच व मारपीट करते हुए उनसे 35 सौ रुपए व दो मोबाइल फोन लूट लिए।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम हेरमन टोप्पो (HERMAN TOPPO) है, पिता श्री एतवा मार्शल, निवासी HK-5 पोलीस लाइन पर्री, सूरजपुर, छत्तीसगढ़ 497229, मेरे हाई स्कूल अकादमिक दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम हेरमन कुमार टोप्पो (HERMAN KUMAR TOPPO) लिखा हुआ है, जबकि मेरा सही नाम हेरमन टोप्पो (HERMAN TOPPO) है। भविष्य में सभी दस्तावेजों एवं कार्यो में मुझे हेरमन टोप्पो (HERMAN TOPPO) के नाम से जाना जाये।

## उत्पाद को मिल रहा बाजार, 10 लाख टर्न ओवर का प्लान

# प्रशिक्षण लेकर टेलरिंग से आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं, हो रहीं आर्थिक रूप से सक्षम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिलाएं कभी घर के चौका बर्तन करने तक सीमित थीं ऐसी महिलाओं को आजीविका से जोड़कर आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से जिंदल फाउंडेशन तमनार के आकृति सिलाई केंद्र द्वारा कपड़ा सिलाई करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां महिलाओं को बेसिक से लेकर एडवांस कोर्स तक कराए जा रहे हैं ताकि वे सिलाई की हर विधा में पारंगत हो सकें। अगले वित्तीय वर्ष के लिए 10 लाख रूपए वार्षिक टर्न ओवर का प्लान बनाया गया है ताकि महिलाओं को अधिक फायदा हो सके।

**खास बात**

- जिंदल फाउंडेशन के आकृति सिलाई सेंटर में बेसिक से लेकर एडवांस कोर्स का दिया जा रहा प्रशिक्षण

सरकार द्वारा गांवों की महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़ कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में जिंदल फाउंडेशन तमनार द्वारा विशेष कार्य किया जा रहा है। तमनार में जिंदल फाउंडेशन द्वारा महिला आकृति सिलाई सेंटर संचालित किया जा रहा है। इस सेंटर में क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में जुड़ी हुई हैं। इस कार्य से इन महिलाओं को प्रति माह करीब आठ से दस हजार रूपए की आय हो रही है। इस सेंटर को लोकल तथा रायगढ़ के दुकानों से यूनिफार्म सिलाई करने के लिए प्रति वर्ष आर्डर मिलता है। स्कूल यूनिफार्म के अलावा ये महिलाएं जैकेट आदि भी बनातीं हैं।



सिलाई करती स्व सहायता समूह की महिलाएं।

### त्यौहारी सीजन में आय हो जाती है डेढ़ गुनी

आकृति सेंटर और मार्ट की इंचार्ज सुजाता प्रधान ने बताया कि फिलहाल इस सेंटर से 53 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन महिलाओं को लाभांश भी दिया जाता है, महिलाएं अपने समय के हिसाब से सेंटर आती हैं और काम करतीं हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्रि, शादी के समय और दीवाली जैसे उत्सवों के समय में महिलाओं की कमाई डेढ़ गुना तक बढ़ जाती है। ऐसे सीजन में एक. एक महिला कम से कम 15 से 20 हजार तक प्रति माह कमा लेतीं हैं। नए सदस्य भी बनाए जाते

### खास बात महिलाएं पुरूषों के कपड़े सीती हैं

अमूमन महिलाओं को ब्लाउज, लहंगा चोली यानी महिलाओं के कपड़े सीने का काम कराया जाता है, लेकिन आकृति प्रशिक्षण केंद्र में उन्हें पुरूषों के भी कपड़े पेंट-शर्ट, कोट, जैकेट बनाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। सी मार्ट की तर्ज पर एसएचजी मार्ट भी ताकि उत्पाद को मिल सके बाजार क्षेत्र के स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे सामानों को बाजार नहीं मिल रहा था, जिसके कारण वे आय नहीं कर पा रही थीं। महिलाओं की इस समस्या को देखते हुए जिंदल फाउंडेशन द्वारा समूह के उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराने के लिए तहसील के पास एक सी मार्ट की तर्ज पर एसएचजी मार्ट भी खोला गया है यहां क्षेत्र भर के करीब 25-30 समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए सामानों की बिक्री की जा रही है, इससे उन्हें बाजार मिल रहा है। इस मार्ट में समूहों द्वारा बनाए गए मिलेट के खाद्य पदार्थ, संबलपुरी साड़ी, संबलपुरी कपड़े, सलवार, यूनिफार्म, बांस से बनाए गए सामान, फिनाइल, बड़ी, पापड़, आचार आदि उपलब्ध हैं।



# चैत्र नवरात्रि पर गूंजा भक्ति का स्वर, श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चंद्रपुर से लगे ग्राम मड़वा में हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित संगीतिमय शिवपुराण कथा का भव्य कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धाए उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस वर्ष यह आयोजन विशेष रूप से 25वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया, जिसके चलते आयोजन और भी अधिक आकर्षण एवं भव्यता का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि विधान के साथ भव्य कलश यात्रा एवं घट स्थापना से हुआ।

- विधायक रामकुमार यादव की सहभागिता, अन्नप्राशन संस्कार रहा आकर्षण

इस दौरान गांव की माताएं, बहनें एवं कन्याएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। पूरे गांव में भक्ति गीतों, मंत्रोच्चार और जयकारों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कथा के दौरान भगवान शिव से जुड़े विभिन्न पावन प्रसंगों जैसे शिवलिंग उत्पत्ति, माता सती चरित्र, माता पार्वती जन्म, शिव विवाह एवं भगवान गणेश जन्म का अत्यंत भावपूर्ण एवं मार्मिक वर्णन किया गया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और पूरे समय भक्ति में लीन दिखाई दिए। कथावाचक आचार्य बुधदेव जी महाराज रेड़ा द्वारा मधुर वाणी एवं संगीत के साथ प्रस्तुत शिवपुराण कथा ने श्रोताओं के हृदय को गहराई से स्पर्श किया। कथा स्थल दुर्गा मंच प्रांगण मड़वा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण करते रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव भी कथा में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा.अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजन की सराहना करते हुए ग्रामवासियों के प्रयासों की प्रशंसा की।

वहीं आयोजन के अंतिम दिन ग्राम मड़वा के यादव परिवार द्वारा नन्ही लावन्या का अन्नप्राशन संस्कार भी विधि विधान से संपन्न कराया गया, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा और उपस्थित लोगों ने इस शुभ अवसर पर परिवार को आशीर्वाद दिया। इस सफल आयोजन में ग्रामवासियों, दुर्गा समिति एवं ग्राम पंचायत मड़वा का सराहनीय सहयोग रहा। सभी के सामूहिक प्रयास से यह धार्मिक आयोजन गांव में आस्था, एकता और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश देकर संपन्न हुआ।

# चंद्रहासिनी मंदिर परिसर में राजस्व परिवार द्वारा किया गया प्रसाद वितरण

**चंद्रपुर।** चैत्र नवरात्रि अष्टमी के पावन अवसर पर मां चंद्रहासिनी मंदिर परिसर में गुरुवार को चंद्रपुर राजस्व परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद वितरण किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। अष्टमी के विशेष महत्व को देखते हुए श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए दूर दूर से पहुंचे। इसी बीच राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवा भाव के साथ प्रसाद वितरण की व्यवस्था संभाली। कतारबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं को प्रसाद दिया गया, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही। तहसीलदार संजय मिंज ने कहा कि चैत्र नवरात्रि आस्था, शक्ति और सेवा का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं की सेवा करना ही सच्ची पूजा है। उन्होंने बताया कि राजस्व परिवार द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के धार्मिक आयोजन कर समाज में सेवा और सहयोग का संदेश दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान राजस्व निरीक्षक विनोद नेताम, हल्का पटवारी मुकेश रमन एवं हरी शंकर, कोटवार नेतराम व पंकज, लोकेश पटेल, नूरेंद्र पटेल तथा कानूनगो मुकेश महिलांगे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए राजस्व परिवार के प्रति आभार जताया।



# लाखों खर्च के बाद भी बदहाल समलाई मंदिर गार्डन, घास गायब, लाइट नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



नगर पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत स्थित समलाई मंदिर का एकमात्र गार्डन आज अपनी पहचान खोने की कगार पर पहुंच चुका है। लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद गार्डन की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। गार्डन की देखरेख के लिए दो कर्मचारियों की नियुक्ति के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

पूरे परिसर में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे गार्डन की सारी हरियाली खत्म हो चुकी है। पौधों की हालत भी बेहद खराब हो चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार पार्षद निधि से नगर में लाइट लगाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए थे, साथ ही लाखों रुपए की गार्डन के लिए सामग्री क्रय किया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि गार्डन में एक भी लाइट चालू हालत में नजर नहीं आती और न ही टूटे हुए झूलो का मरम्मत कराया गया। गार्डन की घास एवं पौधे पूरी तरह सुख गए है। खासकर नवरात्रि जैसे धार्मिक माहौल में जब श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती है, तब भी यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ दिखाई देता है। इतना ही नहीं, गार्डन की स्वच्छता व्यवस्था भी बदहाल है। सेप्टिक सिस्टम पूरी तरह खराब हो चुका है और शौचालय जैसी जरूरी सुविधा भी यहां उपलब्ध नहीं है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। चैत कुंवार माह में जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु समलाई मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते हैं, तो गार्डन की दुर्दशा प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार की पोल खोलती नजर आती है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए के विकास कार्य कागजों में तो दिखते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद खराब है।

### इंतजाम दुरुस्त करने की मांग

नगर पंचायत इस ओर ध्यान देगी या फिर समलाई मंदिर का यह गार्डन यूं ही अपनी पहचान खोता रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने जल्द से जल्द गार्डन की मरम्मत, सफाई, लाइट व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# खरसिया शिवसेना इकाई के कार्यकर्ताओं ने निकाली 150 मीटर की मनोकामना चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने हमालपारा स्थित मां शीतला मंदिर से पूजा अर्चना कर मातारानी की 150 मीटर की भव्य मनोकामना चुनरीयात्रा निकाली गई, जिसमें आसपास के गांव से हजारों की संख्या में भक्तगढ़ शामिल हुए।

चुनरीयात्रा हमालपारा माँ शीतला मंदिर से प्रारम्भ होकर नया फाटक होते हुए, पुरानी बस्ती चौक से पुत्री शाला रोड होते हुए परशुराम चौक स्टेशन चौक से शुभाष चौक, अग्रसेन चौक से अर्चना टाकीज होते हुए माँ गायत्री मंदिर के लिए प्रस्थान किया जहाँ गायत्री मंदिर के पुजारी और समिति द्वारा भव्य स्वागत अभिवादन किया तत पश्चात सभी भक्तों ने मातारानी को चुनरी चढाकर आरती किए। शिवसेना अध्यक्ष ने आगे बताया की पूरा खरसिया शहर जय माता दी की नारों से गूंज उठा हर एक चौक चौराहों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मातारानी के भक्तो के लिए लिए जूस पानी फल फ्रूट की व्यवस्था की गई थी। शिवसेना अध्यक्ष ने आगे बताया कि चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष सप्तमी के दिन माता रानी की चुनरी यात्रा निकाली जाती है क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि मंगल कामनाएं के लिए यह यात्राएं निकाली जाती है जिसमें बढ़ चढ़कर महिलाएं भाग लेती है विशाल भंडारे का भी आयोजन कार्यकर्त्ताओ द्वारा हर साल किया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए संतोष कौशल प्रदेश सचिव शिवसेना दिलेश्वर विश्वकर्मा शिवसेना जिला अध्यक्ष जांजगीर चांपा अनिल कौशिक अध्यक्ष विधानसभा तखतपुर संतोष सारथी जिला उपाध्यक्ष जांजगीर चांपा शुभम गुप्ता सहसचिव बिलासपुर नगर, कार्यक्रम को सफल बनाने वाले कार्यकर्त्ता के नाम खरसिया शिवसेना अध्यक्ष सनी पिंटू यादव शिवसेना विधानसभा उपाध्यक्ष रोहित मरावी खरसिया शिवसेना ब्लॉक सचिव यदु साहू नितेश राठौर खिलेश साहू लकेश्वर साहू पुरुषोत्तम दास महंत सुनील लाल राठौर अजय यादव सुरेश सिद्धार्थ वह उनके साथी घर।




### बालपुर में पशु औषधालय का शुभारंभ भूमि पूजन भी हुआ

**सरसींवा।** सरसीवा पूर्व संसदीय सचिव चंद्र देव राय ने अपने गृह ग्राम पंचायत बालपुर विकासखंड बिलाईगढ़ में पशु औषधालय के शुभारंभ एवं भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर पशुधन विभाग के उप संचालक सहित विभाग के डॉक्टर एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत बालपुर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रदेव राय गुरुजी अध्यक्षता सरपंच रोशन कुरे, विशिष्ट अतिथि उप सरपंच कैलाश राय तथा उप संचालक एमके पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. वाईके साहू, राजकुमार साहू, डॉ. शोभित धृतलहरे, सुकांति धृतलहरे, डॉ. रविंद्र कूरे, अशोक साहू, परमानंद साहू, राजेश साहू, खेमराज के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## रामनवमीं के अवसर पर संगीतमय मानस कथा गायन प्रवचन का आयोजन

# सगी बहनों की संगीत धारा से बहेगी ग्राम खिचरी में राम कथा की रसधार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बरमकेला तहसील मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम खिचरी में रामनवमीं के पावन अवसर पर 27 मार्च को संगीतमय रामकथा गायन एवं प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस रामकथा वाचन एवं गायन कार्यक्रम में जिला राजनांदगांव कांकेतरा के सिन्हा परिवार से 6 सगी बहनों की एकता मानस परिवार की संगीतमय प्रस्तुति से ग्राम खिचरी सहित पूरे बरमकेला अंचल के मानस प्रेमी लाभान्वित होंगे। आयोजन समिति के प्रमुख पूर्व सरपंच मनोहर पटेल ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम खिचरी में ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य संगीतमय रामचरित मानस गायन एवं कथा वाचन का कार्यक्रम बीच बस्ती जगन्नाथ मंदिर परिसर में सम्पन्न किया जा रहा है जिसमें राजनांदगांव कांकेतरा के प्रतिष्ठित सिन्हा परिवार से एकता मानस मंडली के 6 सगी बहनों द्वारा अलग अलग वाद्य यंत्रों की सुमधुर ध्वनि व लय ताल के साथ रामचरित मानस गायन के माध्यम से भगवान राम की चरित्र व लीला का गुणगान किया जाएगा। इस आयोजन के पूर्व में ग्राम के मानस प्रवक्ता राज्यपाल पुरस्कृत एवं मानस मर्मज्ञ डॉ.बलदेव प्रसाद मिश्र सम्मान से सम्मानित व्याख्याता भोजराम पटेल द्वारा गीत संगीत के साथ रामकथा का वाचन किया जाएगा वहीं स्थानीय कलाकारों की भी आयोजन में सहभागिता होगी। उक्त भव्य एवं दिव्य संगीतमय मानस गायन एवं कथा प्रवचन में रामभक्त श्रद्धालु जन सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम में उपस्थित होकर रामकथा का रसास्वादन करते हुए पुण्य के भागी बनें।

# स्वच्छता सैनिकों को मिला सम्मान



**चंद्रपुर।** चैत्र नवरात्रि अष्टमी के पावन अवसर पर सेवा और समर्पण की भावना का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए द असोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया की शाखा वी क्लब अपराजिता चंद्रपुर द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत चंद्रपुर स्थित मणिकंचन केंद्र में कार्यरत समस्त सफाई कर्मियों को फल, साड़ी, पानी की बोतल एवं गमछा वितरित कर उनके योगदान के प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिस्ट्रिक प्रेसिडेंट वी मनीषा सोनी एवं एरिया ऑफिसर वी पूनम द्विवेदी की अनुशंसा पर किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ अभियान की माइक्रो चेयरपर्सन वी गीता पटेल ने विशेष भूमिका निभाते हुए स्वयं उपस्थित होकर सामग्री का वितरण किया तथा सफाई कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वी गीता पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में स्वच्छता बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

